12 कंगाले ने कहा- निर्वाचन में महिला मतदाताओं की सहभागिता ...

14 गणतंत्र दिवस पर जिले में शान से लहराया तिरंगा




## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा प्रतिशक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

आवेदन की अंतिम तिथि 07/02/2025

फायर सेफ्टी के कोर्स
1. Fire Technology Industrial Safety
2. B.Sc. in Fire Safety
3. Pg. Fire & Industrial Safety
4. Pg. industrial Safety



**(1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782**

ADVT.


## खबर संक्षेप

### गुरुकुल में टैलेंट शो आज

**नवागढ़।** मंगलवार को गुरुकुल विद्यालय नवागढ़ में नियमित ध्वजारोहण की 9वी वर्षगांठ व विद्यालय के 18 वें वार्षिक उत्सव टैलेंट डे में बच्चों के कार्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न प्रतिभाशाली व्यक्तित्व द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। विद्यालय के संचालक राजेश दीवान ने बताया कि टीवी शो सुपर डांसर की कलाकार भिलाई निवासी अन्वेषा भाटिया भरतनाट्यम में अपना प्रस्तुति देंगी। अन्विता किरण दुबे हारमोनियम, दीपिका साहू ऑक्टोपैड, नैना छतरी गायन बिहारी यादव बांस, सोहित यादव बांसुरी, अमन कहार चित्रकारी में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ विद्यालय के बच्चों का नृत्य का कार्यक्रम भी होगा। इसमें छोटे-छोटे बच्चे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न ऐसे व्यक्तित्व का सम्मान किया जाएगा, जो समाज में अपना विशेष योगदान दे रहे हैं। इसमें हीरालाल साहू जो की उड़ान अकादमी के माध्यम से बच्चों को पुलिस और सेना में भर्ती होने का निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। शोभा रजक महिला एवं बालिका उत्थान में, रिया साहू, शिवम साहू जो कि तिरंगा संग्रहण में अपना विशेष योगदान देते हैं, इनका सबका सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम कुमार गायकवाड़ सेवानिवृत्त शिक्षक एवं विशेष अतिथि अरुण दुबे समाजसेवी होंगे।

### ग्राम चाराचार में श्रीमद् भागवत कथा 2 फरवरी से

**गुण्डरदेही।** दस दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा का शुभारंभ ग्राम चाराचार में 2 फरवरी से स्व. उदेराम साहू एवं स्व. माता फेकन बाई की स्मृति में नवनिर्मित मंदिर एवं माँ सरस्वती मूर्ति स्थापना के साथ किया जाएगा। कथावाचक पंडित सुरेन्द्र कुमार शर्मा (देवरी) एवं परायणकर्ता पं राहुल शर्मा चिरचार होंगे। आयोजक जेठुराम साहू एवं तुश्वरी साहू ने बताया कि 2 से 11 फरवरी तक देव स्थापना, गौकर्ण स्थापना, शुकदेव प्रकट्य, परीक्षित जन्म, वाराह अवतार, ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार, प्रहलाद चरित्र, प्रभु रामा अवतार, श्री कृष्ण का बाल अवतार, गोवर्धन लीला, रुक्मिनी विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, भगवान चढ़ोत्री, गीता ज्ञान, हवन पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन होगा।

चुनाव : नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन


# नपाध्यक्ष के लिए भाजपा ने विजय व कांग्रेस ने सुमन के नाम पर लगाई मुहर, सूची आते ही बागी भी सामने आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका बेमेतरा सहित नगरी निकाय के उम्मीदवारों के लिए आज नामांकन करने का अंतिम दिन है। सोमवार 35 पार्षदों प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, तीन नामांकन अध्यक्ष पद के लिए भी दाखिल किया गया है। इस तरह कल नगर पालिका में 38 नामांकन दाखिल किए गए हैं जबकि 69 नामांकन पार्षद पद हेतु एवं छह नामांकन अध्यक्ष पद हेतु खरीद भी गया है।

जिला मुख्यालय की नगर पालिका सहित जिले के नगर पंचायत प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस ने काफी मशक्कत और कशमकश के बीच अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार सूची जारी की, वहीं कांग्रेस ने एक दिन बाद अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया। भारतीय जनता पार्टी ने बेमेतरा नगर पालिका के लिए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा पर भरोसा जताया है। विजय सिन्हा पूर्व में 2014 से लेकर 2019 के कार्यकाल में नगर पालिका अध्यक्ष पद का दायित्व संभाल चुके हैं। इस कारण उन्हें पार्टी ने अनुभव का लाभ देते हुए तथा उनके बेहतर कार्यकाल के चलते उन्हें पार्टी ने दोबारा मौका दिया है। उधर, कांग्रेस ने शहर की राजनीति से जुड़े शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमन गोस्वामी को मैदान में उतारा है। श्री गोस्वामी नगर पालिका में दो बार पार्षद रह चुके हैं, जिसके चलते पार्टी ने भी उन्हें अनुभव का लाभ देते हुए अध्यक्ष के लिए अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा की है।

### सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए 3 व पार्षद के 35 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन पत्र



### कांग्रेस ने जारी की बेमेतरा के 21 वार्डों के प्रत्याशी

कांग्रेस ने जिले की एकमात्र नगर पालिका बेमेतरा के 22 वार्डों अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा करते हुए सूची जारी की है जिनमें वार्ड क्रमांक एक से राघवेंद्र मनु, वार्ड 2 रीता पांडे, वार्ड 3 लीलेश साहू, वार्ड 4 नारायण छाबड़ा ,वार्ड 5 राजू साहू, वार्ड क्र 6 चंपा बाई वर्मा, वार्ड 7 हेमिन यादव, वार्ड 8 रोमन सिंह वर्मा, वार्ड 9 नेहा टंडन, वार्ड 10 अखिलेश नामदेव, वार्ड 11 रूप सिंह साहू, वार्ड 12 मनोज शर्मा, वार्ड 13 प्रकाश ठाकुर वार्ड 14 टोपेश्वर साहू, वार्ड 15 रश्मि फड़ेंद्र मिश्रा, वार्ड 16 विद्या यादव, वार्ड 17 रेवेंद्र देवांगन, वार्ड 18 हरजिंदर चावला, वार्ड 19 बीकू मानिकपुरी वार्ड 20 विकास चौबे और वार्ड क्रमांक 21 से वाहिद रवानी का नाम शामिल है।

### ये हैं भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार

भाजपा ने शहर के 21 वार्डों में अधिकृति प्रत्याशियों में से एक टिकिट मुस्लिम समाज को भी दिया है। घोषित सूची में वार्ड क्रमांक 1 यशवंत लहरे, वार्ड 2 पुष्पा साहू, वार्ड 3 पंचू साहू ,वार्ड 4 रवि मूलवानी ,वार्ड 5 दीनानाथ साहू, वार्ड 6 अखिलेश पाटिल ,वार्ड 7 सजनी यादव ,वार्ड 8 चांदनी सरोज दत्ता ,वार्ड 9 शिल्पा बघेल ,वार्ड 10 संतोष वर्मा , वार्ड 11 विकास तंबोली, वार्ड 12 निखिल साहू , वार्ड 13 अर्जुन ठाकुर , वार्ड 14 भानु राम साहू , वार्ड 15 हेमलता शर्मा ,वार्ड 16 नीतू कोठारी, वार्ड 17 गौरव साहू ,वार्ड 18 आकिब मलकानी ,वार्ड 19 सिमरन ताम्रकार, वार्ड 20 अशोक शर्मा और वार्ड क्रमांक 21 लकी साहू का नाम शामिल।

### वार्ड 19 के प्रत्याशी को भाजपा ने बदला, गायत्री की जगह सिमरन अधिकृत उम्मीदवार

दो दिनों पूर्व भाजपा ने शहर के सभी 21 वार्डों में प्रत्याशी की घोषणा कर दी थी। लेकिन, अचानक सोमवार वार्ड 19 से भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी गायत्री देवांगन को बदलकर उनके स्थान पर पूर्व पार्षद घनश्याम कामगार की पुत्री सिमरन ताम्रकार को टिकट दे दिया गया। इससे पूर्व में घोषित प्रत्याशी की दौरान नाराजगी सामने आई है।

### दोनों पार्टियों के बागी उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

इस पूरे घटनाक्रम में राजनीतिक पार्टियों जहां अपने पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों की घोषणा में लगी रही। वहीं, दूसरी तरफ पार्टी द्वारा जारी सूची में जगह नहीं मिलने पर भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस दोनों ही पार्टी की ओर से असंतुष्ट अध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी से जहां पूर्व पार्षद शिव साहू ने अपना नामांकन दाखिल किया है, तो वहीं कांग्रेस से भी पूर्व पार्षद घनश्याम देवांगन ने भी अपना अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। इसके अतिरिक्त सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार विजय सिन्हा ने भी अपना नामांकन दाखिल किया।



## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए शुरू हुई नामांकन की प्रक्रिया, 3 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन

बेमेतरा। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जनपद पंचायत बेमेतरा में नाम निर्देशन प्रक्रिया सोमवार से विधिवत रूप से प्रारंभ हो गई है। निर्वाचन के सफल आयोजन के लिए जनपद पंचायत बेमेतरा में

- निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु जनपद पंचायत बेमेतरा में बनाए गए कुल 10 सेक्टर

कुल 10 सेक्टर बनाए गए हैं, जिनमें प्रत्येक सेक्टर के लिए 01 अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। नाम निर्देशन के लिए ग्राम पंचायत छिरहा, उमरिया, खण्डसरा, झाल, बालसमुंद, चंदनू, बाबामोहतरा, जेवरा और बी.पी.आर.सी. भवन (जिला पंचायत के बाजू) के जनपद पंचायत बेमेतरा के सभाकक्ष में मतदान केंद्रों की सूची और पंच-सरपंच पदों हेतु आरक्षण की जानकारी का प्रकाशन कर दिया गया है। इसी के साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। जनपद सदस्य पद हेतु जनपद पंचायत बेमेतरा के कार्यालय में विशेष नाम निर्देशन कक्ष की व्यवस्था की गई है, जहाँ रिटर्निंग अधिकारी दिव्या पोटाई द्वारा मतदान केंद्रों की सूची और 23 निर्वाचन क्षेत्रों में जनपद सदस्य पदों के आरक्षण की सूची का प्रकाशन किया गया। नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया भी यहां से शुरू हो गई है। पहले दिन, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 सुखाताल (अनुसूचित जाति महिला) से 01 नामांकन पत्र प्राप्त हुआ, जबकि निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 23 केवांछी (अनारक्षित मुक्त) से भी 01 नामांकन पत्र जमा किया गया। कुल मिलाकर, आज 02 जनपद सदस्य पद के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए। सरपंच पद के लिए छिरहा सेक्टर में ग्राम पंचायत मोढे और जेवरा सेक्टर में ग्राम पंचायत मटका से 01-01 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार, विभिन्न ग्राम पंचायतों के वार्ड पंच पद हेतु कुल 38 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए हैं। पंच, सरपंच और जनपद सदस्य पदों हेतु नाम निर्देशन के साथ संबंधित निक्षेप राशि क्रमशः 50 रुपये, 1000 रुपये और 2000 रुपये निर्धारित की गई है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिला उम्मीदवारों के लिए यह राशि आधी होगी।

### 4 को जांच, 6 तक नाम वापसी

नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 03 फरवरी 2025 है, जबकि नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 04 फरवरी 2025 को प्रातः 10:30 बजे जनपद पंचायत के सभाकक्ष में होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 06 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है, जिसके बाद चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की अंतिम सूची तैयार की जाएगी और प्रतीक चिन्हों का आबंटन किया जाएगा। बेमेतरा जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सफल एवं निष्पक्ष आयोजन हेतु निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है, जिसमें स्थानीय अधिकारियों द्वारा पूरी सावधानी और पारदर्शिता बरती जा रही है।

## भाजपा नेता शिव साहू ने नपा अध्यक्ष के लिए भरा फार्म

**बेमेतरा।** नगर पालिका अध्यक्ष पद पर भाजपा से दावेदारी करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पार्षद शिव साहू ने अपने समर्थकों सहित भाजपा के नेताओं संग सोमवार तहसील कार्यालय पहुंच नामांकन फार्म जमा किया गया। बता दें कि भाजपा ने नगर पालिका अध्यक्ष पद प्रत्याशी घोषित कर दिया गया है। प्रत्याशी घोषित होने के बावजूद भाजपा नेता शिव साहू का अध्यक्ष के लिए नामांकन फार्म जमा करना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

- पार्टी ने विजय सिन्हा को बनाया है पार्टी का अधिकृत उम्मीदवार




नामांकन फार्म जमा करने के पश्चात शिव साहू से मीडिया ने सवाल पूछा कि पार्टी ने अध्यक्ष से लेकर पार्षद प्रत्याशी घोषित कर दिया गया, तब अध्यक्ष पद पर भाजपा से नामांकन पत्र दाखिल किया जाना? जिस पर श्री साहू ने कहा कि मैंने पार्टी में दावेदारी पेश की है और अभी नामांकन पत्र वापसी की तिथि का जहां समय है, वहीं प्रत्याशी घोषित होने के बावजूद शहर के भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी प्रदेश संगठन से शहर की वास्तविक सोच और मानसिकता से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही उन्होंने इशारों ही इशारों में कहा कि राजनीति में सम्भावना निरंतर बनी रहती है। स्वतंत्र प्रत्याशी के सवाल पर शिव साहू ने कहा कि आगे-आगे देखिए होता क्या है। बहरहाल पूर्व पार्षद शिव साहू के अचानक नामांकन फार्म जमा करने से शहर की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

डाइट बेमेतरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

# अपने दायित्वों और कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें : घृतलहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का महापर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की पूजा अर्चना कर संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने यहाँ राष्ट्रीय ध्वज फहराया। संस्थान की छात्राध्यापिकाओं सहित सभी अकादमिक और कार्यालयीन सदस्यों ने एक स्वर में राष्ट्रगान और राजकीय गीत गाया।

उसके पश्चात डाइट के छात्राध्यापकों के द्वारा सभी गुरुजनों एवं शिक्षिकाओं का आत्मीय अभिनंदन किया गया। स्वागत गान भी हुआ। अपने उदबोधन में डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने सभी को गणतंत्र पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए अपने दायित्वों और कर्तव्यों के ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने पर विशेष जोर दिया। हम सब अपने कार्य के प्रति हमेशा सजग रहें। अपने उद्बोधन में डाइट प्राचार्य ने कहा कि यह गणराज्य भारत के संविधान के अनुसार ही शासित है। जिसे संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को ग्रहण किया गया तथा 26 जनवरी 1950 को पूरे देश में लागू किया गया। संविधान में सरकार के संसदीय स्वरूप की व्यवस्था की गई है।

संविधान को भारत की आत्मा भी कहा गया है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए की आज जिस भारत देश में सब स्वतंत्रता पूर्वक सांस ले रहें है वह हमें हमारे अपने हजारों लाखों लोगों की कुर्बानियों के फलस्वरूप मिली है उन सभी वीर शहीदों की स्मृतियों को हमेशा दिलों में संजोकर रखना है उन्हें हमेशा याद रखना है। डाइट प्राचार्य ने कहा कि गणतंत्र दिवस, भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और गौरवशाली



इतिहास का प्रतीक है. यह दिन हमें भारत के संविधान को अपनाने की याद दिलाता है। गणतंत्र दिवस मनाने का मकसद, भारत को एक मज़बूत, एकजुट, और प्रगतिशील देश बनाना है। इस अवसर पर उल्लास साक्षरता पर आधारित एक बहुत ही बढ़िया छत्तीसगढ़ी गीत भी गाया। जिसकी खूब सराहना की गई।

इस झंडोत्तोलन कार्यक्रम का संचालन संस्थान के व्याख्याता थलज कुमार साहू, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रभारी व्याख्याता यमुना जांगड़े, डीएलएड प्रथम वर्ष की छात्राध्यापक गजेंद्र वर्मा और रितिका वर्मा ने किया। डीएलएड की छात्र अध्यापकों ने बहुत बढ़िया सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्वागत गीत चंद्रकला, किरण और रितु ने प्रस्तुत किया। द्रोपदी कोसले ने छत्तीसगढ़ी में एक बहुत ही सुंदर सा गीत छइहां भुइयां ल छोड़ जवैया प्रस्तुत किये। श्रेया, संगीता, चमन, अंजू, दामिनी, द्रोपदी ने बहुत सुंदर नृत्य हम भारत की बेटियां प्रस्तुत किये। कोमल शर्मा, धीरेन्द्र सिंह, यशवंत ध्रुवे, कुंदन राम सेन, बलदाऊ, हर्ष कुमार मंडावी, रवि वर्मा, सुरेश वर्मा, सुखदेव ने एक शिक्षाप्रद नाटक हमें आजादी किसने दिलाई का मंचन किये। डाकवर एवं ठाकुर राम राठिया द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापक के द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष में भाषण प्रस्तुत किया गया। गीतांजलि ने एक स्वरचित कविता भी प्रस्तुत किये। अंत में संस्थान के द्वारा सभी को मिष्ठान्न का वितरण किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता उषा किरण पाण्डेय, अनिल सोनी, जी एल खुटियारे, डॉक्टर बसुबंधु दीवान, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारती, पूनम पाण्डेय, सरस्वती साहू, कमलेश शर्मा, नागेंद्र शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा उपस्थित थे।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### रमन ने कांग्रेस पर किया कटाक्ष, भूपेश बोले-आप प्रवक्ता नहीं

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश में नक्सल उन्मूलन के बहाने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, नक्सलियों की "मदद" करना और "वोट" के लिए उनका इस्तेमाल करना हमेशा से कांग्रेस की नीति रही है। आज जब डबल इंजन की सरकार में नक्सलवाद खात्मे की ओर जा रहा है, तब कांग्रेस के पेट में दर्द उठ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए उन्हें नसीहत दी है। उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा है कि बस याद दिलाना चाहता हूं, डॉ. साहब कि अब आप मुख्यमंत्री नहीं हैं। न पार्टी के प्रवक्ता हैं। अब आप विधानसभा अध्यक्ष हैं। अन्यथा न लें, पर आपका ये हाल आपकी पार्टी भाजपा ने ही किया है। बहरहाल, आपका दायित्व है कि अब दलगत राजनीति से उठकर सभी को संरक्षण दें। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में पिछले एक साल में 250 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया गया। वहीं कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है। नक्सलियों के कैंपों तक सुरक्षा बल के जवान पहुंच कर नक्सलियों को पीछे धकेल रहे हैं।

### सीमा को पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने सीमा मिश्रा को कला संकाय के अंतर्गत हिंदी में 'सत्यभामा आडिल की लंबी कविताओं का साहित्यिक अनुशीलन' विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। यह शोध डॉ. कल्पना मिश्रा के निर्देशन में किया गया। शहर स्थित शोध केंद्र शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यह शोध किया गया।

### अंजली को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने अंजली खलखो को कला संकाय के अंतर्गत हिंदी में 'मृदुला गर्ग के नारी-पात्रों पर पाश्चात्य जीवन-मूल्यों का प्रभाव (उपन्यासों के संदर्भ में)' विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. कल्पना मिश्रा के निर्देशन में शोध केंद्र शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय से किया है।

### डॉ. रमन से मिले बाबा रामदेव

**रायपुर।** स्पीकर हाउस शंकर नगर में शनिवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रामदेव बाबा से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ. रमन ने रामदेव बाबा से योग के महत्व, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सार्थक संवाद किया। बातचीत के दौरान दोनों ने योग को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. रमन ने बाबा रामदेव की प्रशंसा करते हुए कहा, योग भारतीय संस्कृति का अमूल्य उपहार है, जो न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन भी प्रदान करता है। रामदेव बाबा ने योग को जन-जन तक पहुंचाने का जो कार्य किया है, वह प्रशंसनीय है।

बाबा रामदेव ने भी छत्तीसगढ़ में योग और आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए सहयोग और समर्थन की बात कही।

### पति पर किया जानलेवा हमला, पत्नी गिरफ्तार

**रायपुर।** मुजगहन थाने की पुलिस ने एक महिला को उसके पति की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शिव कुमार बंजारे के मृत्यु पूर्व बयान के आधार पर रावणभाठा निवासी सूरज बाई जोशी को गिरफ्तार किया है। शिव कुमार ने पुलिस को बताया कि सूरज बाई उसे, उसकी पहली पत्नी के पास जाने से मना करती थी। इसके साथ ही वह उससे पैसों की मांग करने के साथ जमीन अपने नाम करने दबाव बनाती थी। मांग से इनकार करने पर सूरज बाई ने 14 जनवरी को घर में सो रहे शिव कुमार पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# गैस एजेंसी में छापा, मिली कई गड़बड़ियां, विभाग ने कहा- जांच कर करेंगे कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कोटा स्थित गैस सर्विस के गोदाम में शनिवार को खाद्य विभाग की टीम ने छापा मारा। सूत्रों के अनुसार इस दौरान गोदाम में ऑनलाइन और मौके पर मिले सिलेंडरों के स्टॉक में कुछ अंतर तथा एंट्री बोर्ड में नियम के तहत स्टॉक की जानकारी होना नहीं पाई गई है। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जो गड़बड़ी मिली है, उसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य विभाग की गैस एजेंसियों द्वारा की जा रही गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए टीमें बनाई हुई है। इसके तहत टीम एजेंसियों के दफ्तर से लेकर गोदामों में जांच कर रही है। इसी कड़ी में टीम ने कोटा स्थित गैस सर्विस एजेंसी के गोदाम पहुंची। इस गोदाम में सिलेंडरों का खेप आता है और यहीं से होम डिलीवरी कराने वालों के घर-घर सिलेंडर भेजने से लेकर होम डिलीवरी नहीं कराने वाले उपभोक्ता भी सिलेंडर यहीं से उठाते हैं। टीम ने औचक निरीक्षण करते हुए यहां कमर्शियल और घरेलू भरे और खाली सिलेंडरों के स्टॉक से लेकर एंट्री बोर्ड, रजिस्टर में एंट्री, कटे बिलों का मिलान भी किया।

सूत्रों के अनुसार इस जांच में कंपनी द्वारा भेजे गए सिलेंडरों और डिलीवरी किए गए सिलेंडरों में अंतर पाया गया है, साथ ही एंट्री बोर्ड में भी स्टॉक, डिलीवरी हुए सिलेंडरों की एंट्री नहीं पाई गई। इस तरह गोदाम में कई तरह की गड़बड़ियां पाई गई। इधर इस मामले में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि गड़बड़ियों की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही इस मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी।

## गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए टीम का गठन



### 2 जुलाई को गठित की गई टीमें

गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर जांच करने के लिए 2 जुलाई को कलेक्टोरेट में बैठक हुई थी। इस बैठक में सभी गैस कंपनियों के अधिकारियों के साथ गैस डीलरों को भी बुलाया गया था। बैठक में सभी कंपनियों और डीलरों को निर्देशित दिया गया था कि घरेलू और कमर्शियल उपभोक्ताओं को कार्ड के अनुसार ही सिलेंडरों की डिलीवरी कराए। बिना कार्ड के उपभोक्ता को सिलेंडर देने पर इसे अवैध माना जाएगा। इसके अलावा कंपनियों और एजेंसियों को अन्य सभी नियमों का भी पालन करने के निर्देश दिए गए थे। इस बैठक में विभागीय अधिकारियों को टीम बनाकर गैस एजेंसियों की नियमित जांच करने से लेकर छोटे-बड़े होटलों की जांच करने के भी निर्देश दिए थे। कई होटलों में 100 किलोग्राम से अधिक गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है, जबकि इसके लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है।

# कंगाले ने कहा- निर्वाचन में महिला मतदाताओं की सहभागिता बढ़ना हम सबके लिए गर्व की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह गर्व की बात है कि निर्वाचन के प्रति महिला मतदाताओं में जागरूकता बढ़ी है। पूर्व में हुए लोकसभा चुनाव में जहां पहले महिलाओं की संख्या पुरुषों कि तुलना में कम थी, वहीं इस लोक सभा चुनाव में 1000 पुरुषों की तुलना में 1024 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में हुए सफल निर्वाचन में फ्रंटलाइन वर्करों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। चुनाव प्रबंधन के लिए छत्तीसगढ़ को देश मे बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का अवॉर्ड दिया गया है। इसमें हमारे प्रशासनिक अमले का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हम सभी के लिए गर्व की बात है।

- निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त अजय कुमार सिंह ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में कहा, हमारे देश के संविधान में निष्पक्ष चुनाव के लिए अनेक प्रावधान किए गए है। लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं की निर्वाचन में जितनी अधिक संख्या में सहभागिता रहेगी उतना ही लोकतंत्र सशक्त होगा। मतदाता दिवस के आयोजन का उद्देश्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है।

### लोकतंत्र को मजबूत करने प्रत्येक मतदाता महत्वपूर्ण : रीता

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष रीता शांडिल्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मतदान एक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य दोनों है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं और विकास की दिशा को तय करते है। इसलिए सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और देश के समग्र विकास में योगदान देना चाहिए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक मतदाता का मत महत्वपूर्ण है।




### उप जिला निर्वाचन अधिकारी भी हुए सम्मानित

लोकसभा चुनाव में उत्कृष्ट उप जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में पुरस्कृत अधिकारियों में रायपुर उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, सरगुजा उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, सुकमा उप जिला निर्वाचन गजेंद्र सिंह ठाकुर शामिल है। उत्कृष्ट निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पुरस्कार हेतु संभागवार दुर्ग संभाग जिला राजनांदगांव से इंदिरा नवनी सिंह, रायपुर संभाग के धमतरी जिले से डॉ. विभोर अग्रवाल, बस्तर संभाग से कोण्डागांव जिले से अंकित चौहान, सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले से ललिता भगत एवं बिलासपुर संभाग अंतर्गत बिलासपुर जिले से बजरंग वर्मा को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार उत्कृष्ट 5 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को भी संभागवार सम्मानित किया गया। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के उत्कृष्ट सम्पादन हेतु निर्वाचन पर्यवेक्षक , संभागवार 5 सहायक प्रोग्रामर, 5 डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, 8 बूथ लेवल ऑफिसर को सम्मानित किया गया।

### मास्टर ट्रेनर भी हुए पुरस्कृत

उत्कृष्ट राष्ट्रीय स्तरीय मास्टर ट्रेनर पुरस्कार हेतु यूएस अग्रवाल, प्रणव सिंह, पुलक भट्टाचार्य, सुनील शर्मा, गीता दीवान, डॉ. केआरआर सिंह, उज्ज्वल पोरवाल को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार उत्कृष्ट राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के लिए अपूर्व प्रियेश टोप्पो, विनय अग्रवाल, रूपेश कुमार वर्मा, शारदा अग्रवाल, विनोद अगलावे, असीम थवाईत को पुरस्कृत किया गया।

### ये अधिकारी हुए सम्मानित

मतदाता दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नव मतदाताओं, सर्विस वोटरों और निर्वाचन कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेय गोयल को प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 में सर्वाधिक 81.66 प्रतिशत मतदान कराए जाने, दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को शहरी क्षेत्र होने के बावजूद विगत लोकसभा चुनाव की तुलना में वर्ष 2024 में लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में 2.48 प्रतिशत वृद्धि, दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होते हुए भी विगत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लोकसभा निर्वाचन 2024 में 10.39 प्रतिशत वृद्धि के लिए उत्कृष्ट जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में सम्मानित किया गया। रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्य उत्कृष्ट तरीके से संपन्न कराने, राजनांदगांव जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह को गुणवत्ता पूर्ण स्वीप गतिविधियां आयोजित करने और मुंगेली जिले के जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडे को प्रवासी मजदूरों को मतदान के लिए प्रेरित करने संबंधी स्वीप गतिविधियों के लिए स्पेशल अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 3 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत पंचायतों में नाम निर्देशन पत्र भरना प्रारंभ हो गया है। कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) खंड डौंडी जिला बालोद द्वारा पूरे विकासखंड में पंच, सरपंच और जनपद सदस्य पदों के लिए निर्वाचन की तैयारी चल रही है। छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुसार 27 जनवरी से नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 03 फरवरी को प्रातः10.30 से दोपहर 3.00 बजे तक रहेगा।

- 27 जनवरी से शुरू हुई नाम निर्देशन की प्रक्रिया

नाम निर्देशन पत्रों की संविक्षा 4 फरवरी तथा अभ्यर्थी द्वारा नाम वापसी 6 फरवरी निर्धारित है। पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्य के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने के लिए कुल 10 सेंटर बनाए गए हैं। जिसमें जनपद सदस्यों के लिए कार्यालय जनपद पंचायत डौंडी सेंटर रहेगा। ग्राम पंचायत कामता, सालाईटोला , कोटागाव, कुमुरकट्टा , नलकसा, कोपेडरा, बम्हनी, छिंदगाव का सेंटर सभाकक्ष जनपद पंचायत डौंडी रहेगा। कुआंगोंदी सेंटर में कुंवगोंदी , कांडे, मरदेल , सुरडोगर, पुसावड़, मारकटोला , आवारी , नारालगुडा , गुदुम पंचायत शामिल है। पटेली सेंटर में भर्री टोला, ढोरीठेमा , ठेमाबुजुर्ग , कुंजकानहार, पटेली और पचेड़ा। घोटिया सेंटर में घोटिया, सिंगनवाही, मंगलतराई, बेलोदा , पेण्ड्री , सिंघोला शामिल है। आमाडुला सेंटर में आमाडुला , चिहरो , माथेना , लिमाउडीह शामिल है। कुसुमकसा सेंटर में कुसुमकसा, भर्रिटोला , चिपरा , राजही , धुर्वाटोला, अडजाल , गिधाली शामिल है। गुजरा सेंटर में गुजरा, भैसबोड़ , दानिटोला , सुवरबोड, खालारी , धोबनी ब शामिल है। पथराटोला में पथराटोला, खम्हारटोला, बिटाल , धोबेदंड , धोबनी अ, अरमुरकासा शामिल है। चिखली सेंटर में चिखली, साल्हे, धोतीमटोला, खैरवाही , नर्राटोला , आड़ेझर, बोरगांव, टेकाढ़ोरा शामिल है।

### एक व्यक्ति एक ही पद के लिए दो क्षेत्रों के लिए नहीं कर सकता आवेदन

पंच के पद को छोड़कर सरपंच और जनपद सदस्य पद के लिए नोटरी युक्त शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। पंच पद के लिए प्रतिभूति (निक्षेप) की राशि 50 रुपए, सरपंच के लिए 1000 रुपए और जनपद सदस्य के लिए 2000 रुपए निर्धारित है परंतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातीय, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा महिला वर्ग के लिए उक्त राशि आधी लगेगी। एक से अधिक पदों पर आवेदन करने पर निक्षेप की राशि पृथक-पृथक जमा करनी होगी। एक व्यक्ति एक पद के लिए एक से अधिक आवेदन कर सकते हैं परंतु एक ही पदों के पृथक-पृथक क्षेत्रों के लिए आवेदन नहीं कर सकते, जबकि एक व्यक्ति अलग-अलग पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# जनता ने किया नगर निगम चुनाव बहिष्कार का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मतदाता दिवस के दिन राजधानी में दलदल सिवनी स्थित पीएम आवास के निवासियों ने निकाय चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। लंबे समय से पानी, निकास नाली की समस्या सहित अन्य समस्याओं की अनदेखी से नाराज दलदल सिवनी पीएम आवास कालोनी के लोगों ने कालोनी के बाहर बाकायदा चुनाव बहिष्कार का बैनर लगाकर प्रदर्शन किया। दरअसल, नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित दलदल सिवनी पीएम आवास कालोनी में रहने वाले एक अरसे से पानी सहित अन्य समस्याओं की अनदेखी से नाराज हैं। लोगों का कहना है कि उनके यहां पीने के पानी की समस्या विकट है। इसके लिए उन्होंने जोन 9 कमिश्नरी, निगम मुख्यालय और कलेक्टोरेट में भी विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्या दूर करने की मांग की, लेकिन पेयजल की व्यवस्था अब तक सुधर नहीं पाई। हालत ये है कि कालोनी में रहने वाले बुजुर्ग, बीमार और गर्भवती महिलाओं को तीन-तीन मंजिल पानी लेकर चढ़ना पड़ता है। इससे उन्हें काफी परेशानी होती है। धरना प्रदर्शन करने के बाद कुछ दिनों तक नगर निगम की ओर से अस्थायी रूप से टैंकर की व्यवस्था की जाती है, पर बाद में टैंकर बंद करने से पानी की किल्लत शुरू हो जाती है।

- दलदलसिवनी पीएम आवास के रहवासियों ने बैनर पोस्टर लगाकर जताया विरोध

इसी तरह स्ट्रीट लाइट की समस्या बनी हुई है, जिससे अंधेरे में लूटपाट का अंदेशा बना रहता है। भुक्तभोगी लोगों का कहना है कि पीएम आवासीय परिसर की जब तक व्यवस्था नहीं सुधरती, निकाय चुनाव में वोट नहीं देंगे।

### हादसों को रोकने रेलवे ने बढ़ाई सुरक्षा, अब इंजन में 3.2 की जगह लगेगा कवच 4.0

**रायपुर।** वंदे भारत एक्सप्रेस में अब सुविधा के साथ सुरक्षा भी आधुनिक होगी। देशभर में लगातार बढ़े रेल हादसों के बीच रेलवे बोर्ड ने ट्रेनों में सुरक्षा को लेकर बड़ा बदलाव किया है, जिसके तहत अब कवच 3.2 की जगह कचव 4.0 अप्रूव हुआ है। अब रेलवे ट्रेनों, स्टेशनों और ट्रैक पर कवच 4.0 लगा रहा है। भारतीय रेलवे मौजूदा समय में करीब 52 वंदे भारत एक्सप्रेस चला रहा है। इन सभी वंदे भारत ट्रेनों में कोच 3.2 लगा हुआ है, लेकिन कवच 4.0 मंजूर होने के बाद सभी वंदे भारत एक्सप्रेस को अपग्रेड किया जाएगा। जोन के अधिकारियों का कहना है कि इस काम में ज्यादा समय नहीं लगेगा। जल्द ही इस दिशा में तेजी से काम शुरू हो जाएगा।

# तीन माह का वेतन नहीं जिला अस्पताल के सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन

ठेका एजेंसी पर मनमानी का आरोप दुर्व्यवहार की शिकायत भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठेका एजेंसी के तहत जिला अस्पताल में सफाई कर्मचारियों ने तीन माह का वेतन नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। अस्पताल परिसर में प्रदर्शन के दौरान उन्हें एजेंसी के गुर्गों द्वारा दुर्व्यवहार करने की शिकायत भी की है। उनके प्रदर्शन के दौरान काफी देर तक अस्पताल की सफाई व्यवस्था प्रभावित रही। प्रदेश के ज्यादातर अस्पतालों में सफाई व्यवस्था आउटसोर्सिंग पर निर्भर है और एक बड़ी एजेंसी के पास जिला अस्पताल से लेकर मेडिकल कालेज तक सफाई और सुरक्षा की जिम्मेदारी है। शनिवार को जिला अस्पताल कालीबाड़ी के एमसीएच में कार्यरत महिला सफाई कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया। उनका आरोप था एजेंसी द्वारा उन्हें चार माह से वेतन नहीं दिया जा रहा था। काफी कोशिश के बाद कल उन्हें केवल एक माह का भुगतान किया गया। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि तीन माह का वेतन पेंडिंग होने की वजह से उनकी माली हालत खराब होने लगी है। उल्टे इस मामले में चर्चा करने पर ठेकेदार के गुर्गे उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी देते हैं और दुर्व्यवहार करते हैं। सफाई कर्मचारी के इस विरोध प्रदर्शन का समर्थन करने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल वहां पहुंचा था। उनके द्वारा कर्मचारियों को मांगों के लिए अस्पताल की व्यवस्था को प्रभावित नहीं करने का निवेदन किया, तो वे मान गए।




## राशि जमा होने पर ही वर्तमान पार्षदों को मिलेगी चुनाव लड़ने की अनुमति

# जिला कांग्रेस कमेटी में पांच माह का मानदेय जमा कर रहे पार्षद

नगर निगम रायपुर के सभी पार्षदों ने जमा किया पांच माह का मानदेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी जोरों पर है। वार्ड पार्षद और महापौर का चुनाव लड़ने कांग्रेसी अपने-अपने क्षेत्रों में तैयारी में जुट गए हैं। चुनावी तैयारियों के बीच छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने अपने पार्षदों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में पांच माह का वेतन जमा करने के बाद ही चुनाव लड़ने की अनुमति देने का फरमान जारी किया था, जिसके बाद रायपुर नगर निगम के सभी 34 कांग्रेस पार्षदों ने पांच माह का मानदेय जमा कर दिया है। वहीं अन्य जिला कांग्रेस कमेटियों में भी मानदेय जमा कराया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पास अभी भी अन्य जिलों से अधिकृत जानकारी नहीं आई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने सभी पार्षदों को एक पत्र जारी चुनाव में टिकट की दावेदारी से पहले अपने पांच माह का वेतन यानी साल के एक महीने का वेतन जमा करने के लिए कहा था। यह निर्णय मनमोहन सिंह कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया। बताया गया है कि वे पार्षद ही इस चुनाव में भाग ले सकेंगे, जिन्होंने राशि जमा की होगी। वर्ष 2019-20 में नगरीय निकाय चुनाव हुआ था, तब से लेकर अब तक पार्षदों ने अपने मानदेय की राशि जमा नहीं की है। चुनाव के समय पीसीसी ने इसे खंगाला तो पाया कि प्रदेश के एक भी पार्षद ने अपना अंशदान नहीं दिया है। वर्तमान पार्षदों को एक साल में एक माह का मानदेय पार्टी फंड में देने का नियम मनमोहन कमेटी की रिपोर्ट पर बनाया गया था। इस तरह से पांच साल में पांच माह का मानदेय जिला कांग्रेस कमेटी के पास जमा करना होगा।

### वर्तमान पार्षद ही करेंगे जमा




प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने बताया, यह राशि केवल वर्तमान पार्षदों को जमा करनी होगी। आगामी चुनाव में वही पार्षद चुनाव लड़ सकेंगे, जिन्होंने यह राशि जमा कर दी है। आगामी चुनाव में जो प्रत्याशी चुनाव जीतेंगे, उन्हें भी इस नियम का पालन करना होगा।

### नगरीय निकाय में 1283 कांग्रेस पार्षद

बताया गया है कि 2019 में हुए नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेस ने 151 नगरीय निकायों के चुनाव हुए थे। इनमें 10 नगर निगम, 38 नगरपालिका और 103 नगर पंचायतों में चुनाव में कांग्रेस के लगभग 1283 पार्षद चुने गए थे। सभी पार्षदों को अपने एक साल के मानदेय में से एक माह का मानदेय पार्टी फंड में जमा कराना था। पांच सालों में एक भी कांग्रेस पार्षद ने यह जमा नहीं कराया। कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू द्वारा नोटिस जारी कर पार्षदों को याद दिलाया गया।

### जिलाध्यक्ष भेजेंगे पीसीसी को जानकारी

बताया गया है कि जिला कांग्रेस कमेटी में यह राशि जमा कराने के बाद पीसीसी को इसकी जानकारी भेजी जाएगी। अब तक पीसीसी को किसी भी जिले से पार्षदों द्वारा राशि जमा कराने की जानकारी नहीं भेजी गई है। रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे ने बताया कि नगरी निगम में 34 कांग्रेस पार्षद हैं। उन्होंने अपने मानदेय की पांच माह की राशि जमा करा दी है। पीसीसी को इसकी जानकारी जल्द भेंजेंगे। वहीं अन्य जिलों में चुनाव लड़ने के इच्छुक पार्षदों के द्वारा जमा कराए जाने की सूचना आ रही है।

### किसे, कितना मानदेय

नगर निगम के पार्षदों कर मानदेय 15 हजार रुपए प्रतिमाह है। इनमें से महापौर चुने जाने पर उनका मानदेय 30 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाता है। नगर पंचायत सदस्यों का मानदेय 6 हजार रुपए दिया जाता है। इसी प्रकार नगरपालिका के अध्यक्ष और पार्षदों का मानदेय तय है।

# पत्रकार इलेवन ने प्रशासन इलेवन को 8 विकेट से हराकर जीता सद्भावना मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं पत्रकार इलेवन के मध्य सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित इस सद्भावना क्रिकेट मैच के माध्यम से जिले के मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला प्रशासन एवं पत्रकार इलेवन के मध्य खेले गए इस रोमांचक मैच में पत्रकार इलेवन की टीम 08 विकेट से विजयी रही। इसी तरह उपविजेता का खिताब जिला प्रशासन की टीम ने हासिल किया। इस पूरे मैच में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए जिला प्रशासन के बल्लेबाज बी रुद्रपति ने मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता।

बी रुद्रपति जिला प्रशासन इलेवन की ओर से बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए कुल 56 रन बनाए। उल्लेखनीय है कि प्रशासन इलेवन की टीम ने 10 ओवर के मैच में 7 विकेट खोकर 94 रन बनाए।

इस तरह से पत्रकार इलेवन की टीम के सामने जीत के लिए कुल 10 ओवर में 95 रन का लक्ष्य था। जिसे पत्रकार इलेवन की टीम ने 8.4 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस दौरान पत्रकार इलेवन के बल्लेबाज प्रवीण ने कुल 34 रन, रिषभ ने 33 एवं अनिकेत ने 19 रन बनाए। इसी तरह बी रुद्रपति के अलावा टीआई रविशंकर पांडे ने 13 रन बनाकर बेहतरीन बल्लेबाजी की।

**खबर संक्षेप**



## शिव चौक गुरूर में नागरिकों ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**गुरूर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शिव चौक गुरूर कला मंच के सामने नगरवासियों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के पूर्व उपस्थित नागरिकों ने महात्मा गाँधी, शहीद शंकर गुहा नियोगी, शहीद भगत सिंह, शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर ध्वज फहराया। कार्यक्रम में नूतन साहू, कमलेश, लेख राम, ओमप्रकाश साहू, अध्यक्ष ओबीसी महासभा जितेंद्र उपस्थित थे।

## संजारी में अनेक स्थानों पर फहराया गया तिरंगा



**डौंडीलोहारा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र संजारी ने प्राचार्य वीणा देवांगन ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज फहराया। इसी तरह शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय संजारी में प्रधानपाठक राजकुमार दीवान, शासकीय प्राथमिक विद्यालय संजारी भूपेंद्र इंदौरिया, शासकीय प्राथमिक शाला बर्रापारा कुलेश्वर ठाकुर व शासकीय प्राथमिक विद्यालय आमापारा संजारी में भुवन देवांगन ने राष्ट्रध्वज फहराया।

## गांजा के साथ दो पकड़ में

**भिलाई।** नशे का अवैध कारोबार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली थाना प्रभारी विजय यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गोल बजार हनफी मस्जिद के पास राजनांदगांव निवासी आरिफ खान और लखोली नाका राजनांदगांव ईश्वर वारके उर्फ ईशू को पकड़ा गया है। दोनों के पास से पुलिस ने गांजा का वजन 1.406 किलो जिसकी कीमत 15 हजार, मोबाइल फोन 5 हजार, ेिश्वर के पास से 1.660 किलो गांजा की कीमत 17 हजार रुपए की आंकी गई है। मोबाइल फोन 5 हजार रुपए का आंका गया है। दोनों युवकों द्वारा जिला अस्पताल के पीछे नल घर के पास गांजा रखकर अवैध रुप से बेच रहे थे।

**निधन**

### प्रकाश नारायण त्रिपाठी

**दाढ़ी।** नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसाई प्रकाश नारायण त्रिपाठी 71 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार गृह नगर दाढ़ी के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें परिवार और समाज के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। वे हरनारायण त्रिपाठी के लघु भ्राता एवं विजय शंकर उदय शंकर त्रिपाठी के बड़े भाई एवं करुणा निधि एवं कृपा शंकर त्रिपाठी के पिता थे।

### राष्ट्रीय पर्व : संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर चंद्रवाल ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

# गणतंत्र दिवस पर अंचल में जगह-जगह शान से लहराया तिरंगा, परेड सहित हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने प्रातः 08 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर देश की आजादी के लिए किए गए उनके अथक प्रयासों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हम सभी शासकीय सेवकों को शासकीय सेवा में रहते हुए समाज सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यों को क्रियान्वित करने का बेहतर अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आम जनता के हित में अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करने को कहा। जिससे कि बालोद जिला पूरे देश एवं छत्तीसगढ़ राज्य में उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए मिसाल कायम कर सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चन्द्रकांत कौशिक ने राष्ट्र के नवनिर्माण में देश के प्रत्येक नागरिकों के साथ-साथ शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में प्रकाश डाला।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने भी गणतंत्र दिवस के संबंध में अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर, जिला कोषालय अधिकारी एमएस भारद्वाज, जिला खजिन अधिकारी मीनाक्षी सिन्हा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।






## डोंडी ब्लॉक में शासकीय कार्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर हुए कार्यक्रम

**डोंडी।** विकासखंड डोंडी में समस्त कार्यालय जनपद, नगरपंचायत, कृषि, वन, सिंचाई, पुलिस, स्वास्थ्य,शिक्षा, लोक यंत्रिकी, मनरेगा, बिजली, लोक निर्माण, समस्त छात्रावास, ग्राम पंचायत, डोंडी व्यापारी संघ, भाजपा मंडल, सहित अन्य विभागों में आचार संहिता का पालन करते हुए गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान गाया गया। डोंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष तिलक दुबे, नगर के गणमान्य जन दिनेश अग्रवाल, मनीष झा, भाजपा मंडल रुपेश नायक, नगर पंचायत में सोमेश सोरी, सहित सभी विभाग में कार्यालय प्रमुख द्वारा ध्वज फहराया गया। डोंडी नगर के गणमान्य जनों में मातरम दास, मोहन्तिन बाई चौरका ममता जैन, राधिका भारद्वाज,नीलेश जायसवाल, राजेन्द्र नाहर, पुनम कोठारी, दीपक जायसवाल,लक्ष्मी कांत जैन, सहित अन्य जनो द्वारा विभिन्न स्थानों में गणतंत्र दिवस पर मिठाई बाँट कर खुशियाँ मनाई। इस मौके पर कार्यालयों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें स्कूली बच्चों और कार्यालय के कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रमों में देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए गए। कार्यालयों में गणतंत्र दिवस के महत्व पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने देश के संविधान और इसके मूल्यों के बारे में बताया और लोगों से इसका पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यालयों में मिठाइयां और फल भी वितरित किए गए।

## विधायक चंद्राकर ने नाड़ी पंचगव्य वैद्य पुरुषोत्तम सिंह का किया सम्मान




**बालोद।** जिले में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

इनमें जिले के योगाचार्य, पतंजलि योग समिति जिला बालोद के अध्यक्ष, समाजसेवी, नाड़ी पंचगव्य वैद्य पुरुषोत्तम सिंह राजपूत को जिले में निरंतर योग प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक सहित जिले के मंचासीन गणमान्य राष्ट्रीय राजनीतिक प्रमुख दल भाजपा के नेतागणों, वर्तमान विधायक बालोद और अधिकारियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए तुलसी मानस प्रतिष्ठान के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष गोपाल वर्मा, पुस्कर सिंह राजपूत, श्री कृष्ण गोपाल गोशाला एवं अनुसंधान केंद्र के अध्यक्ष हिंच्छा राम, जीवन धनकर, छगन यदु, देवलू पटेल, आंजनेय नन्दन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति के रमेश रावते, योगेश्वर यादव, प्रमोद साहू, नेमी साहू सहित अनेक लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## सशिमं जगन्नाथपुर में गणतंत्र दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लाक के ग्राम जगन्नाथपुर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अतिथियों की अगुवाई में राष्ट्रगान और भारत माता की आरती के साथ ध्वजारोहण किया गया। इसके साथ ही भारत माता की झांकी और तिरंगे झंडे के साथ बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा में गांव में रैली निकाली। प्रभात फेरी के बाद देशभक्ति और छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक नृत्य गीतों की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर विलुप्त होते गीतों और परंपराओं को भी बच्चों ने नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया।

बसदेवा गीत की प्रस्तुति को भी लोगों ने काफी सराहा। देश भक्ति फौजी नृत्य के दौरान बच्चों की प्रस्तुति देख लोग भावुक को उठे। इस अवसर पर मौजूद मुख्यअतिथि सिद्धि विनायक शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुभाष सिंह हरदेल व अध्यक्षता कर रहे सचिव खिलानंद गिलहरा ने गणतंत्र दिवस और संविधान की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। मंच पर राजेंद्र जेठमल, अभ्यास साहू, कोमिन साहू, हुकुम लाल साहू, दसरू साहू, परमेश्वर नेताम, गुलापी बघेल सहित अन्य मौजूद रहे। मंच संचालन खेमिन साहू व धनंजय साहू ने संयुक्त रूप से किया। आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य ताराचंद साहू ने किया। इस अवसर पर शिक्षकों में रेख लाल देशमुख, लक्ष्मी साहू, चैन कुमारी नेताम, रितु पिस्दा, माधुरी यादव, रीना देशलहरे, भावना सुनहरे, त्रिवेणी दुबे, हरीश साहू, नूमेश्वरी विश्वकर्मा आदि का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर मौजूद बच्चों के पालकों ने भी नृत्य पर बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए पुरस्कार राशि भेंट किया।



## शासकीय विद्यालय टटेंगा में विद्यार्थियों ने किया मार्च पास्ट



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य आरके देवांगन पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक डीके मोहन माला एवं प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक लिखन राम सर्पा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर स्काउट, रेडक्रॉस के सदस्यों और खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। शाला के नाम संबोधन में प्राचार्य ने नागरिकों को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों को समझने की बात कही। प्रभात फेरी के बाद छात्र-छात्राओं ने गीत भाषण प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष सुरेगांव सुरेश सार्वा, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला चंद्रशेखर उर्वशा, सरपंच ग्राम टटेंगा उत्तम साहू ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष शाला विकास समिति उच्चतर माध्यमिक शाला टटेंगा सुमन साहू ने कहा कि हमारा संविधान पूरे विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। इसी के द्वारा हम अपनी स्वतंत्रता का पूर्ण लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय में कक्षा पांचवी से आठवीं तथा दसवीं और बारहवीं के शाला में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पूर्व प्रधान पाठक ओपी चुरेंद्र ने सम्मानित किया। साथ ही गायत्री शक्तिपीठ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विकासखंड स्तर पर द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। इस अवसर पर अश्वनी सुधाकर, ऋखी राम साहू, पुरुषोत्तम वासनिक, पुरुषोत्तम उर्वशा, बुधरू यादव, आरडी देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## ग्राम हाटरांका में श्री रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का हुआ समापन

**थानखम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम हाटरांका में विश्व शांति, सर्वजन हिताय एवं सर्वजन सुखाय के पावन उद्देश्य से आयोजित पंचकुंडी श्री रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का दिव्य और भव्य आयोजन सोमवार को विश्राम दिवस पर संपन्न हो गया। श्रद्धा और भक्ति के अद्भुत समागम में श्रद्धालुओं ने सात दिवसीय इस आध्यात्मिक आयोजन में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस महायज्ञ में वेदों के ज्ञाता विद्वान पंडितों के साथ-साथ महायज्ञ संचालक प्रधानाचार्य पं. राजेंद्र प्रसाद तिवारी, उपाचार्य पं. दिवाकर प्रसाद तिवारी एवं ग्रामाचार्य पं. रमाकांत शर्मा जी का विशेष योगदान रहा। इनकी अगुवाई में यज्ञ के प्रत्येक अनुष्ठान को विधिपूर्वक संपन्न किया गया। श्रीमधुर प्रवचन श्रृंखला में श्रद्धालुओं को जगद्गुरु विष्णुदेवाचार्य जी, प्रसिद्ध कथा वाचिका पूज्या रोशनी शास्त्री जी (श्रीधाम वृंदावन) एवं महामंडलेश्वर भगवान बापू के दिव्य वचनों का रसास्वादन प्राप्त हुआ। उन्होंने सात दिवसीय श्रीराम कथा के माध्यम से प्रभु श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों को सहज और सरल भाषा में प्रस्तुत किया, जिससे भक्तों को आध्यात्मिक प्रेरणा मिली। महायज्ञ में प्रतिदिन प्रभात फेरी, वेद पाठ, यज्ञ हवन एवं महाआरती का आयोजन भक्तों के लिए विशेष आनंददायक रहा। वहीं, धार्मिक आयोजन के साथ आयोजित मीना बाजार ने भी श्रद्धालुओं को भरपूर मनोरंजन और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। इस विशाल आयोजन में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए और सेवा-सहयोग के माध्यम से अपना योगदान देकर आध्यात्मिक सुख एवं पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## जिपं सदस्य प्रज्ञा ने महिलाओं को बांटे तिल के लड्डू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी मुरकी में राहेर पिटती महिलाओं के बीच पहुँच कर उनका हाल चाल जाना। ग्रामीण महिलाओं को गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिल लड्डू वितरित कर उनका मुँह मीठा कराया। प्रज्ञा निर्वाणी ने महिलाओं को गणतंत्रदिवस के महत्व को समझाते हुए कहा कि आज ही के दिन बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित भारत के संविधान को देश में लागू किया गया था और ये उसी संविधान का परिणाम है कि स्वतंत्र भारत देश में महिलाओं को भी उनके अधिकार पुरुषों के बराबर मिले। महिलायें घर की डेहरी लांघ कर शिक्षा,स्वास्थ्य, राजनीति और व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में अपनी हुनर और कौशल दिखा रही है,अगर महिलाओं को अवसर मिला है तो वह अवसर संविधान की किताब से मिला है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने महिलाओं को स्व सहायता समूह बनाकर उद्यम करने की भी सलाह देते हुए महतारी वंदन योजना को ग्रामीण महिलाओं के अपने आत्मसम्मान और छोटे-छोटे आपको को पूरा करने की एक दूरदृष्टिपूर्ण योजना भी बतलाया, जिसका लाभ उठाने की बात कही।

इस दौरान नीमा माथुर, जगत बाई, सबनी ध्रुव, निर्मला सेन आशा निषाद के साथ मिलकर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने भी राहर पिट कर दाना निकालना महिलाओं से सीखा।

# तहसील साहू सदन कोलिहामार (गुरुर) में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**गुरूर।** तहसील साहू सदन कोलिहामार (गुरुर) में गणतंत्र दिवस के अवसर सामाजिक पदाधिकारियों ने भारत माता के तैलचित्र पर पूजा अर्चना की। उसके बाद तहसील कोषाध्यक्ष खेदूरम साहू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अपने संबोधन में खेदूरम साहू ने कहा कि यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि आज के ही दिन हमें संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न लोकतांत्रिक गणराज्य का दर्जा प्राप्त हुआ था और हमारा संविधान लागू हुआ था।

हमें देश के महान शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संरक्षक रामदयाल साहू, सचिव न्याय प्रकोष्ठ योगेश साहू, कोलिहामार परिक्षेत्र अध्यक्ष भरत लाल सार्वा, बिशेलाल साहू, टोमन लाल साहू, जीवन लाल साहू, मनोहर साहू, चंद्रलता साहू, ओंकार साहू, भूपेश कुमार साहू, प्रभात महमल्ला, मिडिया प्रभारी सूर्यकांत साहू, समाज सेवक जागेशवर साहू, पवन महमल्ला, नागेश साहू, उमेश साहू, राजू सहित स्कूली छात्र-छात्राएं सहित गणमान्य नागरिक सामाजिक बंधु उपस्थित थे।



### शासकीय उमा विद्यालय अंडा में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा दुर्ग के प्रांगण में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गाँव के गणमान्य नागरिक, प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर, प्रधान पाठक विजय लक्ष्मी राव, व्ही पद्मावती, समस्त शाला परिवार उपस्थित थे। इस अवसर पर ध्वजारोहण पश्चात प्रभात फेरी निकाल कर गाँव के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण सम्मिलित हुए। उसके बाद शाला प्रांगण में मंचीय कार्यक्रम कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें योगा, ताली योगा, देशभक्ति गीत रहे। साथ ही अटल टिंकरिंग लैब के विद्यार्थियों के लिए समग्र शिक्षा के द्वारा राज्य स्तरीय प्रोटोटाइप प्रतियोगिता रायपुर में आयोजित किया गया था। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय, जिला सभी को बहुत ही गौरान्वित किए हैं। फलस्वरूप प्राचार्य द्वारा विजेता व समस्त प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप

### थाना-चौकी में फहराया गया तिरंगा

**बेमेतरा।** 76 वें गणतंत्र दिवस पर पुलिस अनुविभागीय सहित रक्षित केन्द्र बेमेतरा व समस्त थाना/चौकी, अजाक, महिला सेल में ध्वजारोहण एसडीओपी मनोज तिर्की, पुलिस अनुविभागीय कार्यालय बेरला कमल नारायण शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बगईकोन्हा विद्यालय के बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला बगईकोन्हा में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक द्वय टेमन लाल राणा व राजेश कुमार नायक ने राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वासुदेव पटेल ने किया। स्कूली बच्चों ने देशभक्ति पूर्ण नारों के साथ ग्राम के प्रमुख चौराहों से गुजरते हुए प्रभातफेरी निकाली। अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। चुनाव आचार संहिता के कारण कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सशिमं गुरुर में गणतंत्र दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर गुरुर में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी चंदनलाल सिन्हा थे। साथ ही व्यवस्थापक कौशल साहू, अध्यक्ष जयंत किरी, कोषाध्यक्ष ऋषि सिन्हा, उपाध्यक्ष अनुसुइया ध्रुव, ईशाप्रकाश साहू, नंद किशोर शर्मा, याद राम साहू, शैलेश साहू, राम सहाय साहू, सविता साहू, विद्यालय के प्रधानाचार्य मुरलीधर साहू, पालकगण एवं पूर्व छात्र उपस्थित थे। चंदन लाल सिन्हा ने विद्यालय प्रांगण में ध्वज फहराया। विद्यालय के भैया बहनों द्वारा देश भक्ति गीत, भाषण, कविता प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य गिरेन्द्र शर्मा, सुदर्शन साहू, मोनिश कुमार, सरोज शांडिल्य, तुकेश्वरी गजेन्द्र, भुनेश्वरी सिन्हा, रेखा रावटे, रेवती यादव, दुर्गेशवरी साहू, सुनीता नेताम, दुर्गा साहू उपस्थित थे।

### ट्रक चालक ने पुलिस वाले की कार को ठोकर मारी

**भिलाई।** ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए पुलिस वाले की कार को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक मौके से फरार हो गया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि शनिवार की दोपहर चंद्रा मौर्या चौहान टावर के पास नेशनल हाइवे पर सफेद रंग की कार में दो युवती सवार थी। उतई निवासी तुलसी ठाकुर कार को चला रही थी। किनारे सीट पर एक स्कूली छात्रा भी सवार थी। कार सुपेला से पावर हाउस की ओर जा रही थी। इस दौरान ट्रक सीजी 07 सीएन 6220 के चालक ने कार को पीछे से ठोकर मार दिया।

### बेटी के जन्मदिन पर कराया न्योता भोज

**गुरूर।** दिलीप यादव व पूर्णिमा यादव ने अपनी सुपुत्री भूमिका यादव के जन्मदिन पर शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला खुन्दनी के बच्चों को न्योता भोज कराया।

पर्व : ज़िला मुख्यालय के मुख्य समारोह में विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

# गणतंत्र दिवस पर जिले में शान से लहराया तिरंगा









हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

गणतंत्र दिवस का पर्व जिले में पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस के मौके पर ज़िला मुख्यालय बेमेतरा के मुख्य समारोह में विधायक आरंग गुरु खुशवंत साहेब ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया।

■ शहीदों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर किया गया सम्मानित

गणतंत्र दिवस समारोह बेमेतरा के बेसिक मैदान में आयोजित किया गया था।उन्होंने तीन रंग के गुब्बारे शांति स्वरूप आकाश में छोड़े। इस अवसर पर विधायक बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, ईश्वर साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ख़ुशवंत साहेब ने ध्वजारोहण के पश्चात अर्द्ध सैनिक बलों, पुलिस एवं नगर सेना की टुकडियों के परेड की सलामी ली। वहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्यपालन, पशुपालन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,उद्यानिकी,पशु चिकित्सा विभाग, आदिमजाति कल्याण विभाग,मत्स्य, इत्यादि विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं-कार्यक्रमों एवं विभागीय गतिविधियों पर आधारित आकर्षक झांकी प्रदर्शित की गयी। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कि प्रस्तुति दी गई। गणतंत्र दिवस समारोह में शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया। वहीं, उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन करने के लिए पुलिस जवानों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, स्वच्छता कर्मचारियों सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

### जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा (कुसमी) को पहला पुरस्कार

देशभर में 26 जनवरी के अवसर पर गणतंत्र दिवस की धूमधाम से बेमेतरा जिले में भी हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मुख्यालय के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान मे गणतंत्र दिवस के इस विशेष अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा (कुसमी) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पहला स्थान प्राप्त किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बेमेतरा ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा ने तीसरा स्थान प्राप्त कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार

इस मौके पर झांकी प्रदर्शनी भी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही, जिसमें विभिन्न विभागों ने अपनी-अपनी झांकियों के माध्यम से जिले और राज्य में किए जा रहे कार्यों की झलक प्रस्तुत की। झांकी प्रदर्शनी में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने बेहतरीन झांकी के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग ने अपनी सृजनात्मक झांकी के जरिए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि स्कूल शिक्षा विभाग की झांकी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जिले के गणमान्य नागरिक, अधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। जिला प्रशासन की ओर से सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब ने बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू व जनप्रतिनिधि तथा जिले के गणमान्य नागरिको की मौजूदगी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बेमेतरा पुलिस के अधिकारी व कर्मचारियों में निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी, उप निरीक्षक राजकुमार साहू, उप निरीक्षक राकेश साहू, उनि (अ) हरिओम विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक दुष्यंत ठाकुर, महिला प्रधान आरक्षक पूनम ठाकुर, आरक्षक आमिर हुसैन, विनोद सिंह राजपूत, देवेन्द्र साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### जिला न्यायालय में उल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**बेमेतरा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर, बेमेतरा में 26 जनवरी के अवसर पर 76 वां गणतंत्र दिवस स्वर्णिम भारतः विकास और विरासत थीम के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश ने ध्वज फहराया। उक्त दिवस के अवसर जिला न्यायालय में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों एवं उनके नन्हें मुन्हें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरूआत छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार से किया गया। कार्यक्रम उपरांत प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा नन्हें-मुन्हें बच्चों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने कहा कि हमें भारत के नागरिक होने के नाते हमारे अधिकारों की भली-भांति जानकारी है और उसके लिए हम सभी सदैव जागरूक भी रहना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में जिला न्यायालय के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, एलडीसीएस स्टॉफ एवं समस्त न्यायिक कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



## श्यामपुर कांपा में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

थानखम्हरिया। समीपस्थ शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला श्यामपुर काँपा में हर्षोल्लास के साथ 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। सर्व प्रथम प्रधान पाठक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। साथ ही सभी शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक द्वारा पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया गया। इसमें प्राथमिक, माध्यमिक एवं आंगनबाड़ी के बच्चों द्वारा गीत ,कविता, भाषण एवं साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 1 ली से 8 वी तक प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को नरोत्तम वर्मा प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला एवं चोवाराम साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला श्यामपुर काँपा द्वारा प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। अंत में सभी लोगों को बूंदी मिठाई वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजू लाल पटेल शिक्षक ने किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक, एसएमसी अध्यक्ष, सदस्य, बच्चे, पालक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## शासकीय विद्यालय सलधा के बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी



**बेरला।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को 76वां गणतंत्र दिवस उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया। जिसमें विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलधा में शाला परिवार राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस पर सर्वप्रथम सरस्वती वंदना कर भारत माता की पूजा अर्चना किया गया। उसके बाद झंडा रोहण कर राष्ट्र गान की गीत गाये। इस दौरान पूरा परिसर देशभक्ति के गीतों से गुंजायमान हो उठा। उसके बाद विद्यार्थियों के तीन-तीन कतार में झंडा लहराते हुए गलियों में देशभक्ति की गाते हुए भ्रमण किया गया। साथ ही सभी विद्यार्थियों ने भारत की जयघोष व नारे भी लगाए। ग्राम सलधा के सभी गलियों व चौक चौराहों की भ्रमण कर स्कूल परिसर पहुंचे। उसके सभी विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को प्रसाद वितरण किया गया।

## संविधान का सम्मान प्रत्येक विद्यार्थी का पहला कर्तव्य होना चाहिए

**बेमेतरा।** रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में 26 जनवरी को 76वां गणतंत्र दिवस अत्यंत उत्साहपूर्वक और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद गणतंत्र दिवस की महत्ता पर आधारित अपने संबोधन में कहा कि 26 जनवरी 1950 को जब भारतीय संविधान लागू हुआ, तब से यह तिथि हमारे देश के लिए गौरव का प्रतीक बन गई है। उन्होंने संविधान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह देश के समस्त क्रियाकलापों को सुचारू रूप से चलाने का विधान है। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान का पालन करके ही हम देश को आगे बढ़ा सकते हैं और हर नागरिक को अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर देश के विकास में योगदान देना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए उनका संदेश था कि संविधान का सम्मान करना प्रत्येक विद्यार्थी का पहला कर्तव्य होना चाहिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने ज्ञान से राष्ट्र को सशक्त और प्रगतिशील बना सकते हैं। समारोह में महाविद्यालय के वार्षिक उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। अधिष्ठाता ने महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की, जिनके चलते पिछले वर्ष कई उपलब्धियाँ हासिल की गईं। महाविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों द्वारा अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया गया और 'विकसित भारत 2047' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने नृत्य, संगीत और नाटक के माध्यम से भारत के भविष्य को उजागर किया।

■ कृषि महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

### सीएमएचओ डॉ ध्रुव ने जिला अस्पताल और जिला जेल में फहराया राष्ट्रध्वज



**बेमेतरा।** सीएमएचओ डॉ यशवंत ध्रुव ने जिला अस्पताल, सीएमएचओ कार्यालय और जिला जेल में ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस दौरान जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टर, अस्पताल प्रमुख सलाहकार,मेडिकल ऑफिसर,नर्सिंग स्टॉफ, पैरामेडीकल स्टाफ, अधिकारी कर्मचारियों सहित,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी,सुरक्षा गार्ड उपस्थित रहे वहीं सीएमएचओ कार्यालय में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड, डीपीएम लता बंजारे ,विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी शामिल थे। जिला जेल में ध्वजारोहण पश्चात विचाराधीन बंदियों ने राष्ट्र गान किया पश्चात सीएमएचओ डॉ यशवंत ध्रुव ने जेल प्रहरी से सलामी ली उक्त अवसर पर जेल प्रभारी दिनेश चंद्र ध्रुव के साथ सभी जिला जेल बेमेतरा के स्टॉफ उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने कलेक्टोरेट में किया ध्वजारोहण



**बेमेतरा।** गणतंत्र दिवस कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट में ध्वजारोहण किया। कलेक्टोरेट में उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों सहित समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉक्टर अनिल बाजपेयी, अंकिता गर्ग, संयुक्त कलेक्टर डॉ.दीप्ति वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# लर्निंग स्टडी करने मगरघटा की स्मार्ट प्राथमिक शाला पहुंची रूम टू रीड की टीम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा




राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर, छत्तीसगढ़ एवं रूम टू रीड के संयुक्त तत्वावधान में राज्य में विभिन्न नवाचारों के माध्यम से बच्चों के बुनियादी साक्षरता कौशल में सुधार के लिए प्रयासरत है।

जिसके सार्थक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। इस कड़ी में बतौर अकादमिक सहयोगी रूम टू रीड संस्था भी विगत वर्षों से सेरी (स्केल अप अरली रीडिंग इंटरवेन्शन) कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में बुनियादी साक्षरता के कौशलों को हासिल करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित कर रही है। जिसके अंतर्गत शासकीय शालाओं में पठन-लेखन दक्षता को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है। इस क्रम में 14 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक रूम टू रीड द्वारा एक लर्निंग स्टडी किया जा रहा है। बेमेतरा जिले के प्राथमिक शाला मगरघटा, विकासखंड नवागढ़ में टीम पहुँच कर शाला की नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस से जानकारी ली व रिकॉर्ड कर अपने साथ लेते गये। सभी कक्षाओं में जाकर अवलोकन किया। बच्चों से बातचीत कर उनकी दक्षता भी प्राप्त किये। इसी अनुक्रम में स्टडी के प्रस्तावित गतिविधियों के लिए प्रदेश के विभिन्न हितधारकों/प्रतिभागियों का चयन किया गया है। जिसमें मगरघटा विद्यालय का चयन किया गया था। प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद ध्रुव, शिक्षक राधेश्याम सिंह बैस ने भी अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर शाला के स्टॉफ के समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
28 फरवरी से 11 मार्च 2025, 21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025, 09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।

संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport